Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 14-03-2007

Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title: Need to take steps to provide adequate medical facilities in the newly-built Hospital meant for Beedi workers in Sagar, Madhya Pradesh - laid.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर मध्य प्रदेश में श्रम विभाग द्वारा स्थापित किया जाने वाला बीड़ी मजदूर अस्पताल बनकर पूर्ण हो गया है। लगभग 6 करोड़ की राशि से अस्पताल का निर्माण किया गया है। अनेकों बार इसे प्रारंभ करने की बात करने पर इसमें मात्र एक डिस्पेंसरी प्रारंभ की गयी है। जबकि यहां पर आपरेशन थियेटर डिलीवरी रूम तथा 30 बिस्तरों वाला अस्पताल होने पर लगभग सौ मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सकती है। इस निर्मित भवन में इतना स्थान उपलब्ध है। देश में बीड़ी मजदूरों की संख्या की दृटि से सागर जिला प्रथम है जहां के गरीब बीड़ी मजदूरों को इलाज हेतु बाहर जाना पड़ता है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश के एकमात्र बड़े बीड़ी मजदूर अस्पताल में शीघ्र ही डाक्टरों, विशोज्ञों सहित पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति कर उसका विधिवत् उद्घाटन कर सागर के बीड़ी मजदूर अस्पताल को शीघ्र ही प्रारंभ कराने का सहयोग करें।